दिनांकः 25.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जोधपुर में आदर्श डिफेंस और स्पोर्ट्स एकेडमी का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेश में कई स्थानों पर तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित–उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के जिलों में आज से तीन दिन तक मध्यम से भारी बरसात का अलर्ट।
- जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव का वार्षिक लक्खी मेला विधिवत रूप से शुरू हुआ–देश के कोने–कोने से जातरुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी।
- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा–भारत का लक्ष्य स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष–2047 तक खेल क्षेत्र में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है।

.........................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। वे वहां लाल सागर स्थित एक विद्यालय में आदर्श डिफेंस और स्पोर्ट्स एकेडमी का लोकार्पण करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस मौके पर केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहेंगे।

.........................

इससे पहले कल रक्षामंत्री श्रीसिंह ने गगनयान में शामिल होने वाले यात्रियों के लिए नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में भाग लिया। इन यात्रियों में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया अध्याय है।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से गुजरात के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे आज शाम अहमदाबाद में पांच हजार चार सौ करोड़ रूपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। ये परियोजनाएं शहरी विकास, ऊर्जा, सड़क और रेलवे क्षेत्र की हैं। श्री मोदी कल अहमदाबाद के हंसलपुर में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन और एक सौ देशों के लिए बैटरी विद्युत वाहन निर्यात का शुभारंभ करेंगे।

.........................

प्रदेश में कई स्थानों पर तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित है। इसके चलते सवाई माधोपुर, बूंदी, टोंक, कोटा, नागौर और हनुमानगढ़ सहित अन्य शहरों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर बारिश नागौर में दर्ज की गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के चलते कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भर गया है। जिला कलेक्टर ने विद्यालयों में दो दिन का अवकाश घोषित किया है।

.........................

करौली, अलवर, कोटपूतली–बहरोड़, डूंगरपुर, चूरू, भीलवाडा, जालौर, हनुमानगढ़ और अजमेर के स्कूलों में बरसात के अलर्ट के चलते आज विद्यार्थियों का अवकाश रखा गया है। वहीं जयपुर, दौसा, डीडवाना–कुचामन और बूंदी में आज और कल स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। कल जयपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर और बीकानेर संभागों के विभिन्न जिलों में मध्यम से भारी बरसात हुई।
इस बीच, कई स्थानों पर वर्षाजनित हादसे हुए। इन हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। कोटा के सुल्तानपुर में देर रात मकान ढहने से एक महिला की मौत के समाचार हैं। वहीं उदयपुर के डबोक में कुंवारी माइंस में भरे पानी में डूबने से चार बच्चों की मृत्यु हो गई।

उधर, सवाईमाधोपुर में भारी बरसात से अनेक मार्गों पर यातायात बाधित है। खंडार का बालेर, बहरावंडा कलां सहित दो दर्जन से अधिक गांवों का सम्पर्क कट गया है। टोंक–शिवपुरी हाईवे पर बोदल के पास पुलिया टूटने से खंडार का जिला मुख्यालय से पहले से ही सम्पर्क कटा हुआ है। मोरल और निगोह नदी में भी पानी की भारी आवक के चलते मार्ग बाधित है।

इस बीच, जिले में मूसलाधार वर्षा से उपजे हालातों का जायला लेने के लिए कल आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा मौका स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। श्री मीणा ने कहा कि किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और बचाव दल पूरी तरह सतर्क हैं।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का ये दौर अभी 5–6 दिन बना रहेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के जिलों में तीन दिन मध्यम से भारी बरसात के साथ ही कहीं–कहीं बहुत भारी बरसात की संभावना है।

.........................

जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव का वार्षिक लक्खी मेला आज अलसुबह अभिषेक और आरती के साथ शुरू हुआ। भाद्र माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से शुरू होने वाला यह मेला एकादशी तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में हिस्सा लेने के लिए राजस्थान सहित देश के कोने–कोने से बड़ी संख्या में जातरु पहुंच रहे हैं।

..................

उधर, जोधपुर के मसूरिया में बालीनाथ जी की समाधि स्थल पर भी देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं बालोतरा के बिठुजा में भर रहे बाबा रामेदव के मेले में विभिन्न स्थानों से जातरुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

.........................

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर की ओर से आज से "आयुर्वेद आहार" विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 30 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम का विषय पारम्परिक आहार पद्धतियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण"" रखा गया है।

.........................

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष – 2047 तक खेल क्षेत्र में विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में श्री मांडविया ने कहा कि देश ने खेल क्षेत्र में जबर्दस्त प्रगति की है और कई सुधार लागू किए हैं। सरकार ने अगले दस वर्ष में भारत को विश्व के शीर्ष दस देशों में लाने का लक्ष्य रखा है। खेलमंत्री ने कहा कि देश में खेलकूद के अनुकूल माहौल बनाना समय की आवश्यकता है और सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है।

.........................